# दरिंदगी : 65 साल की महिला से रेप, कर दी हत्या

**खास बातें**

- पुलिस की कई टीमें जांच में जुटीं
- पुराने घर के पास मिली थी लाश



नवभारत न्यूज

**विदिशा 13 फरवरी, शहर के करीब 15 किमी दूर स्थित कोठीचार गांव से रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आयी है.यहां पर हैवानियत की सारी हदें पार करते हुये दरिंदों ने एक 65 साल की बूढ़ी महिला को पहले अपनी हवस का शिकार बनाया उसके बाद सबूत मिटाने के लिये महिला की गला दबा कर बेरहमी से हत्या कर दी.**

इस दर्दनाक वारदात को अंजाम गुरूवार की शाम को दिया गया. जिसका खुलासा देर रात को हुआ जब महिला के परिजन महिला को ढूंढते हुये नदी के नजदीक पुराने मकान के पास पहुंचे जहां पर महिला के गले में साड़ी का पल्लू बंधा हुआ था और मुंह में कपड़ा फंसा हुआ था.जानकारी लगने पर गांव में सनसनी फैल गयी. इस पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी जो करीब एक घंटे बाद मौकाए वारदार पर पहुंची. जहां पर पड़ताल के बाद महिला के शव को पीएम के लिये मेडीकल कॉलेज पहुंचाया गया.वहीं डॉग स्क्वाड फिंगर प्रिंट स्पर्टस और एफएसएल की टीम ने सबूत जुटाये. फिलहाल आरोपियों के बारे में कोई सुराग पुलिस को नहीं मिले हैं. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के रेप और मर्डर का मामला दर्ज कर लिया है.

सूचना मिलते ही करारिया थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए. मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे भी देर रात घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की.प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुजुर्ग महिला का शव पुराने घर के एक कमरे में मिला. गला दबाकर हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया , जहा शव का पोस्टमार्टम किया गया , पीएम रिपोर्ट के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी.

### संदिग्धों की तलाश, बेटा बोला नहीं है दुश्मनी

महिला को जब मेडीकल कॉलेज में पीएम के लिये लाया गया. उसके बड़े बेटे ने बताया कि दिन के समय हम तीनों भाई काम के लिये निकल जाते हैं. घर में महिलायें और बच्चे ही रहते हैं. मां हमारे साथ ही रहती है. पुराने घर की साफ सफाई के लिये अक्सर जाती थी.गुरूवार को भी वह पुराने घर की सफाई के लिये गई हुयी थी. जो शाम तक वापस नहीं आयीं तो उनको तलाशी के लिये बच्चों को भेजा गया. बच्चों ने वापस आकर बताया कि मां घर में बेहोश हालत में पड़ी हुयीं हैं जिसके बाद परिवार के अन्य लोग भी घटना स्थल पर पहुंचे जहां पर महिला के कपड़े अस्त व्यस्त पड़े हुये थे.वहीं गले में साड़ी बंधी हुयी थी और एक डंडे के सहारे से गले को दबाया गया था. बेटे ने बताया कि उन्हें किसी पर शक नहीं है क्योंकि हमारी किसी से दुश्मनी भी नहीं है. पुलिस इस मामले में गांव के संदिग्ध लोगों की तलाश शुरू कर दी है.वहीं अपने मुखबिरों को भी सक्रिय कर इस हत्या कांड का खुलाशा करने की शुरूआत कर दी है.फिलहाल पुलिस के पास अभी तक किसी भी संदिग्ध के बारे में जानकारी नहीं मिली है. पुलिस यह पता लगाने में लगी हुयी है गांव में किसी बाहरी व्यक्तियों का आना जाना हुआ है कि नहीं.

### बेटों का आरोप-दुष्कर्म कर मां की हत्या की

मृतका के बेटे ने आरोप लगाया है कि उनकी मां के साथ दुष्कर्म कर साड़ी के पल्लू से गला घोंटकर हत्या की गई. बेटों ने बताया कि वे काम पर गए हुए थे.शाम को जब छोटा भाई घर पहुंचा तो मां नहीं मिलीं. तलाश करने पर दूसरे घर के कमरे में उनका शव मिला. उन्होंने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है.एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि यह घटना करारिया थाना क्षेत्र के कोटीचार गांव की है. बुजुर्ग महिला का शव कमरे में मिला है और गला दबाकर हत्या की आशंका है. पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है. इस जघन्य हत्या से गांव में दहशत का माहौल है.पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा.

### कर रहे जांच-एसपी

इस मामले में एसपी रोहित काशवानी का कहना है कि जांच की जा रही है. कई टीमों को जांच में लगाया है जो बारीकी से पड़ताल कर रही है.जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

# बारात से भरी कार हादसे का शिकार, तीन की मौत



नवभारत न्यूज

**विदिशा 13 फरवरी, विदिशा के जाफरखेड़ी सड़क हादसे में अब बड़ा अपडेट सामने आया है.बारातियों से भरी टवेरा कार के हादसे में जहां तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी.वहीं सात घायल अभी भी जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं.कुछ की हालत नाजुक बनी हुई हैज् प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है.**

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जाफरखेड़ी के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार टवेरा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सूखे तालाब में जा गिरी थीज्कार में 10 से 12 लोग सवार थेज जो रायसेन जिले के गैरतगंज से बारात लेकर जाफरखेड़ी आ रहे थेज

हादसे में 35 वर्षीय राजेश लोधी, 30 वर्षीय सोनू लोधी (ड्राइवर) और 35 वर्षीय चंद्रशेखर की मौके पर ही मौत हो गई थी.अपडेट के मुताबिक 10 वर्षीय ऋतुराज लोधी, 45 वर्षीय भाव सिंह लोधी, 16 वर्षीय ऋतिक लोधी और 27 वर्षीय बृजेश लोधी की हालत गंभीर बनी हुई है.सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था.देर रात एक गंभीर घायल को बेहतर इलाज के लिए भोपाल भेजा गया हैज् डॉक्टरों की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है.बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है.प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार तेज गति से चल रही थीज् अचानक ड्राइवर संतुलन खो बैठा और देखते ही देखते गाड़ी खाई में जा गिरी हादसा इतना जबरदस्त था कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईज्घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता जिला अस्पताल पहुंचे.घायलों का हाल जाना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और अंधेरा हादसे की बड़ी वजह माने जा रहे हैं.एक शादी की खुशियां कुछ ही पलों में मातम में बदल गई. तीन परिवारों के घरों में चूल्हा नहीं जला और सात लोग अब भी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं.

# 111 लीटर दूध से होगा शिव का अभिषेक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बेसनगर के राजा सेवा समिति ने बताया कि प्राचीन शिवगढ़ी श्री बेसनगर के राजा के दरबार में महाशिवरात्रि पर होगा 111 लीटर दूध से अभिषेक. प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्राचीन शिवगढ़ी श्री बेसनगर के राजा दरबार में 111 लीटर दूध से बाबा का महा अभिषेक होगा.प्रात: 800 बजे से 10 बजे तक एवं खीर प्रसादी वितरण, आरती एवं रात्रि जागरण का आयोजन रखा गया.सभी भक्तों माता बहनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें.

## किसानों की आय तो दुगनी नहीं हुई लेकिन कर्ज दुगना हो गया-रघुवंशी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती देने के क्रम में आज श्मशावाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नटेरन ब्लॉक के ग्राम दड़ोन में पंचायत कमेटी का गठन कर मनरेगा कानून को लेकर जनजागरण कार्यक्रम रखा गया. जिसमें उपस्थित ग्रामीणजनों से जिला कॉग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने संबाद करते हुए कहा की हमें उम्मीद है कि आप सब जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन की आवाज़ को हर गांव में बूथ स्तर तक पहुंचाएंगे और जनता के बीच पार्टी का भरोसा मजबूत करेंगे.मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया की मध्य प्रदेश के हर किसान परिवार पर आज 74,420 रुपये का कर्ज है. देश के कृषि मंत्री मध्य प्रदेश से आते हैं, फिर भी आज मध्य प्रदेश का किसान देश के सबसे अधिक कर्ज वाले राज्यों में शीर्ष में शामिल है.श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया की किसानो की आय दोगुनी करने का वादा कर सत्त में आई भाजपा की डबल इंजन सरकार के राज में प्रदेश के किसानों पर कर्ज और आत्महत्या दोगुनी हो गई है .जिला कॉग्रेस मीडिया प्रभारी एडवोकेट सुशील शर्मा ने बताया की संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत कमेटी के गठन कर जनजागृति अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष इन्दर सिंह यादव, रमेश तिवारी , ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा आदि उपस्थित थे.


**नाम परिवर्तन सूचना**

भूलवश मेरी पुत्री कु.रिया यादव की 10 वीं सीबीएसई की अंकसूची में मेरा नाम भानु प्रकाश सिंह यादव दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम भानु प्रकाश यादव है जो कि सही है तथा मेरे और मेरी पुत्री के अन्य समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है ।

कृप्या मुझे मेरे पूर्ण सही नाम भानु प्रकाश यादव के नाम से ही जाना पहचाना जावे ।

**भानु प्रकाश यादव पुत्र**
श्री ब्रजराज सिंह यादव निवासी :-
157 शास्त्री नगर , विदिशा




## एसएसएल जैन कॉलेज में वार्षिकोत्सव

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** एसएसएल जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 67वां सर्जना वार्षिकोत्सव समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ अत्यंत भव्य रूप में आयोजित किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता शासी निकाय अध्यक्ष संजय जैन ने की. मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वित्त मंत्री एवं महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के वरिष्ठ सदस्य राघव जी भाई उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक गोयल, डॉ. बी.डी. अहिरवार (प्राचार्य, गर्ल्स कॉलेज), डॉ. राहुल जैन एवं रवि रंजन की गरिमामयी उपस्थिति रही.

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ.सरस्वती वंदना श्रीमती उर्वशी उदावत एवं श्रीमती निधि चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत की गई.तत्पश्चात छात्राओं निधि सक्सेना, शालिनी दांगी, शालिनी सेन एवं पलक राजपूत ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया.कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना जैन ने किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. उपाध्याय एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया.अध्यक्षीय उद्बोधन में संजय जैन ने महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को स्मरण कराते हुए उसे पुन: उच्च शिखरों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया. विशिष्ट अतिथि अशोक गोयल ने भी संस्थान के स्वर्णिम इतिहास का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया.डॉ. राहुल जैन ने अपने प्रेरक वक्तव्य में अवसाद एवं चिंता से जूझ रहे विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया तथा उनके मार्गदर्शन में सभी ने सामूहिक रूप से आत्महत्या न करने की शपथ ली. राघव जी भाई ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# डी-मार्ट का विरोध, बाजार बंद, जारी रहेगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, विदिशा में प्रस्तावित डी-मार्ट के विरोध में शुक्रवार को विदिशा पूरी तरह ठप रहा. व्यापारियों के आह्वान पर ऐसा व्यापक बंद देखने को मिला, जिसने शहर की रफ्तार ही रोक दी.स्टेशन क्षेत्र, माधवगंज, मुख्य बाजार, जिला मुख्यालय के आसपास के व्यापारिक क्षेत्र और गली-मोहल्लों तक की दुकानें सुबह से बंद रहीं.यहां तक कि सुबह से खुलने वाली चाय, दूध, नाश्ते और पान-गुटखा की छोटी दुकानों के शटर भी नीचे रहे.बंद का असर आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई दिया। लोगों को सुबह की चाय और दूध के लिए भटकना पड़ा. दैनिक उपयोग की छोटी वस्तुओं के लिए भी नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ी. बाजारों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में बेहद कम आवाजाही नजर आई.**

### कई संगठनों का समर्थन अनाज मंडी भी रही बंद

बंद को पावर डिस्ट्रीब्यूटर संघ, विदिशा व्यापार महासंघ, मध्य प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सहित विभिन्न संगठनों का समर्थन मिला। अनाज मंडी भी पूरी तरह बंद रही.विदिशा व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं व्यापार मंडल मप्र के अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि बड़े मॉल खुलने से फुटकर व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो जाता है. उन्होंने कहा कि सरकार को 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों को ऐसे मॉल से मुक्त रखना चाहिए.डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के संरक्षक मुकेश पटेल ने बताया कि बड़ी दुकानों के साथ-साथ छोटे दुकानदारों ने भी स्वेच्छा से दुकानें बंद रखकर एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन छोटे व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बचाने की लड़ाई है.





### 10 दिन से जारी था धरना, आज सड़क पर उतरा विरोध

डी-मार्ट के प्रस्तावित खुलने के विरोध में व्यापारी पिछले 10 दिनों से माधवगंज चौराहे पर टेंट लगाकर धरना दे रहे थे. व्यापारियों का कहना है कि 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में बड़ी रिटेल चेन खुलने से स्थानीय व्यापार पर गंभीर असर पड़ेगा और हजारों छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा.आज दोपहर बड़ी संख्या में व्यापारी माधवगंज चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां सभा आयोजित की गई. सभा के बाद शहर के मुख्य मार्गों से रैली निकाली गई, जो कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में मांग की गई कि छोटे शहरों में डी-मार्ट जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों को अनुमति न दी जाए और यदि आवश्यक हो तो कानून में संशोधन किया जाए.

# टायर फटने से बेकाबू हुई बस खेत में गिरी

**35-36 बच्चे सवार, पांच को मामूली चोटें**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शुक्रवार को विदिशा जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया.सेऊ और पमारिया चौराहे के बीच एक निजी स्कूल की बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए खेत में पलट गई. गनीमत रही कि बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित हैं.ग्लोबल स्कूल की यह बस आसपास के गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक बस का पिछला टायर फट गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे खेत में पलट गई.नटेरन थाना के थाना प्रभारी मोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि बस में करीब 35 से 36 बच्चे सवार थे. हादसे में लगभग पांच बच्चों को मामूली चोटें आई हैं. सभी घायलों को तुरंत नटेरन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया.थाना प्रभारी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया.पुलिस अब बस के कागजातों की जांच करेगी.बस की फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच के साथ ही चालक से भी पूछताछ की जाएगी, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके.फिलहाल सभी बच्चे सुरक्षित हैं, जिससे अभिभावकों ने राहत की सांस ली है.

## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, मध्य प्रदेश श्री शीतलनाथ भगवान के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय मंगल आयोजन का आमंत्रण दिया जा रहा है.** प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन ने बताया कि यह आयोजन 14 फरवरी शनिवार से 16 फरवरी सोमवार 2026 तक श्री शीतलनाथ दि. जैन बड़ा मंदिर, अंदर किला, विदिशा में आयोजित किया जाएगा.इस अवसर पर विशिष्ट विद्वत् समागम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पं. स्वानुभव शास्त्री, जयपुर,विशेष रूप से पधार रहे है.

**आयोजन** | **हल्दी, मेहंदी की रस्मों के साथ होगी उत्सव की शुरुआत,शहर में निकलेगी भव्य शिव बारात**

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब दिखाई देगा. भक्तों द्वारा शिवालयों में भगवान महादेव की पूजन, अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जावेगा. शिवालयों में दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन, कीर्तन का दौर चलता रहेगा. शनिवार से ही शिव मंदिरों में हल्दी, मेंहदी की रस्मों के साथ महाशिवरात्रि उत्सव की शुरुआत हो जावेगी. वही रविवार को महाशिवरात्रि पर शहर में शिव बारात निकाली जावेगी. महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समितियों द्वारा शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां एवं साज-सज्जा की जा रही है.**

म.प्र. विद्वत् परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. प्रद्युम्न शर्मा बताते हैं कि महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है. इस दिन भक्त भगवान शिव शक्ति की पूरे विधि विधान से आराधना करते हैं. महाशिवरात्रि के दिन व्रत का भी महत्व है. जो भक्त विधिवत व्रत करते हैं. उनको विशेष फल प्राप्ति का उल्लेख है. उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि को वैद्यनाथ जयंती भी हैं. महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों को भगवान शिव शक्ति की आराधना करना चाहिए. रात्रि में चारों पहर में भगवान शिव शक्ति की पूजन करना चाहिए. तथा भगवान शिवजी की बिल्व पत्र, श्वेतार्क पुष्प, अक्षत, धूप, दीप, विविध नैवैद्य आदि के माध्यम से पूजन करना चाहिए. भगवान शिवजी के मंत्रों का जाप करना चाहिए.

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में दिनभर हर-हर महादेव के जयकारे गूंजेंगे. क्षेत्र के बाबा विश्वनाथ मंदिर देवपुर सहित नगर के सोमनाथ मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, पंचकुईयां मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर, नागेश्वर मंदिर, जटाशंकर महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देगी. महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में शनिवार से ही हल्दी, मेहंदी की रस्मों के साथ उत्सव की शुरुआत हो जावेगी. हनुमान घाट उत्सव समिति पंचकुईयां द्वारा हनुमान मंदिर पंचकुईयां में शनिवार को बाबा महादेव एवं माता पार्वती की हल्दी, मेंहदी की रस्में होंगी. इस दौरान महिलाओं को सुहाग सामग्री का वितरण भी किया जावेगा. वही रविवार को सोमनाथ सेवा समिति द्वारा शहर में भव्य शिव बारात निकाली जावेगी. जो शिव मंदिर हाजीपुर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सोमनाथ मंदिर कठाली बाजार पर पहुंचेगी. शिव बारात में शिवजी के स्वरूप के साथ ही शिव गण शामिल होंगे. शहर में जगह-जगह शिव बारात का स्वागत किया जावेगा.


# कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

क्रमांक/706 to 710/PWD/2026 — विदिशा, दिनांक 11/02/2026

## :: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | निविदा क्र | ई-टेन्डर न. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 706 | 2026_UAD_481960_1 | Hireing a new bolero vehicle vidisha municipality | II Call | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 12 Month | 23/02/2026 |
| 2 | 707 | 2026_UAD_482318_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 01 kham baba teela boundraywall to goswami tea stal vidisha | II Call | 539308.00 | 5393.00 | 2000.00 | 03 Month | 2/3/2026 |
| 3 | 708 | 2026_UAD_482321_1 | Contruction work of boundary wall at ward no 01 khambaba teela vidisha. | I Call | 169362.00 | 3387.00 | 1000.00 | 03 Month | 2/3/2026 |
| 4 | 709 | 2026_UAD_482331_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 27 hajibali talab Various streets vidisha | I Call | 1373236.00 | 10299.00 | 2000.00 | 03 Month | 13/03/2026 |
| 5 | 710 | 2026_UAD_482348_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 27 Ramdwara agrawal ji house to vijay sharma house vidisha | II Call | 262798.00 | 2628.00 | 2000.00 | 03 Month | 2/3/2026 |

नोट :- प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,विदिशा